खेल दिवस पर मुख्यमंत्री की घोषणा

चर्चा में क्यों?

29 अगस्त, 2021 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य में खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिये विभिन्न घोषणाएँ की गईं।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रत्येक वर्ष आठ से 14 वर्ष की आयु के 50 लड़कियों और लड़कों का चयन उनकी क्षमता के आधार पर किया जाएगा और उन्हें प्रत्येक वर्ष **मुख्यमंत्री खिलाड़ी उत्थान छात्रवृत्ति** प्रदान की जाएगी साथ ही खिलाड़ियों का दैनिक भत्ता 225 रुपए निर्धारित किया जाएगा।
- उन्होंने कहा कि **ऊधमसिंह नगर ज़िले में महिला खेल महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी** , जबकि राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वालों को उत्तराखंड राज्य परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, कॉलेजों और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पाँच प्रतिशत खेल कोटा प्रदान किया जाएगा।
- राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक में पदक विजेताओं को प्रदान की जाने वाली सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी।
- इसके साथ ही धामी ने घोषणा की कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन के वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिये राज्य **खेल विकास संस्थान में खेल विज्ञान केंद्र** स्थापित किया जाएगा तथा **देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज को खेल विश्वविद्यालय** बनाने का भी प्रयास किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-s-announcement-on-sports-day